आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 11.10.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा –आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई तकनीकों से नई पीढ़ी को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।
- प्रदेश में दुर्गा पूजा का उल्लास चरम पर, महाअष्टमी और महानवमी पर मॉ दुर्गा के स्वरूप महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा की जा रही है।
- गंगोत्री धाम के कपाट 2 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद किए जायेंगे।
- चमोली में जल जीवन मिशन के दूसरे चरण के तहत स्वीकृत योजनाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश।

राज्यपाल संबोधन

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा है कि विभिन्न क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, बिग डेटा, ड्रोन टेक्नोलॉजी, क्वांटम कंप्यूटिंग, ऑगमेंटेड रियलिटी, मेटावर्स जैसी तकनीकें जहां तेजी से बदलाव ला रही हैं, वहीं मौजूदा पीढ़ी के लिए कई अवसर भी पेश कर रही हैं। राज्यपाल देहरादून के एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने शैक्षणिक समुदाय के सभी हितधारकों का आह्वान किया कि वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षा के साथ पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए एक साझा लक्ष्य की दिशा में मिलकर काम करें।

नवरात्र

देशभर में दुर्गा पूजा उत्सव का उल्लास चरम पर पहुंच गया है। शारदीय नवरात्र अनुष्ठान में आज महाअष्टमी और महानवमी पर मॉ दुर्गा के स्वरूप महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा की जा रही है। इस अवसर पर पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ कन्या पूजन का भी विधान है। देश के विभिन्न भागों में पूजा पंडालों को सुरूचिपूर्ण ढंग से सजाया गया है जहां भारी संख्या में श्रद्धालु जुट रहे हैं।

उत्तराखण्ड में भी आज दुर्गा पूजा उत्सव का उल्लास चरम पर है। देवी दुर्गा के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। विभिन्न स्थानों पर भण्डारों का आयोजन किया गया है। एक रिपोर्ट–

## नवरात्र पूजा

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने राजभवन में सपरिवार शारदीय नवरात्रि की महानवमी के अवसर पर राजभवन में पूरे विधि–विधान से देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन किया। राज्यपाल ने सभी प्रदेशवासियों के लिए सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की, और इस पर्व के माध्यम से समाज में नारी शक्ति के सम्मान को और मजबूत करने का आह्वान किया।

वही, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शारदीय नवरात्र की महानवमी के अवसर पर देवी भगवती की उपासना को समर्पित नवरात्रि के पावन पर्व का उद्यापन कर हवन किया। श्री धामी ने मुख्यमंत्री आवास में विधि–विधान से कन्या–पूजन और गौ पूजन किया।

## छड़ी यात्रा

हरिद्वार जिले में श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े की पवित्र छड़ी आज मोती बाजार स्थित निरंजनी अखाड़े के पशुपतिनाथ मंदिर में पूजा अर्चना के लिए पहुंची। सुबह आनंद भैरव मंदिर और पौराणिक तीर्थ माया देवी मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना के बाद अष्ट कौशल महंत सुरेशानंद सरस्वती ने पवित्र छड़ी को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया।

हर हर महादेव के उद्घोष के साथ पवित्र छड़ी को विष्णु घाट, रामघाट मोती, बाजार, बड़ा बाजार होते हुए पशुपति नाथ मंदिर लाया गया। जहां मनसा देवी ट्रस्ट, निरंजनी अखाड़ा और अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी ने वरिष्ठ संतों के साथ पवित्र छड़ी का स्वागत किया।

श्री पुरी ने बताया कि पवित्र छड़ी यात्रा सनातन परंपरा का प्रतीक है, जिसे आदि जगतगुरु शंकराचार्य महाराज ने लगभग 2 हजार 500 वर्ष पूर्व सनातन विरोधियों के उन्मूलन के लिए शुरू किया था। उन्होंने पूरे भारतवर्ष में सनातन विरोधियों को समाप्त कर चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना की थी। उन्होंने बताया कि हरिद्वार से प्रारंभ होने वाली पवित्र छड़ी यात्रा को भविष्य में पूरे देश में ले जाया जाएगा। आगामी 14 अक्टूबर से यह पवित्र छड़ी उत्तराखंड की यात्रा के लिए रवाना होगी।

## गंगोत्री कपाट बंद तिथि

गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए 2 नवंबर को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ बंद कर दिए जाएंगे। मां गंगा की डोली गंगोत्री से प्रस्थान कर रात्रि विश्राम भगवती मंदिर मारकंडे के पास करेगी और 3 नवंबर को देवी गंगा की अपने शीतकालीन प्रवास स्थल मुखवा में विराजमान हो जाएगी।

समीक्षा बैठक

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने जल जीवन मिशन के तहत दूसरे चरण की स्वीकृत योजनाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जल संस्थान और जल निगम को कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखते हुए मिशन मोड में पूरा करने को कहा है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंताओं को अपने–अपने प्रभाग में निर्माणाधीन परियोजनाओं की हर दिन निगारानी करने के निर्देश दिए। साथ ही, जिन योजनाओं में काम अधिक लंबित है, उनमें श्रमिकों की संख्या बढ़ाने की सलाह दी।

यातायात प्लान

देहरादून में दशहरा पर्व पर भीड़ के नियंत्रण और ट्रैफिक व्यवस्था के लिए पुलिस ने यातायात प्लान बनाया है।
दशहरा पर परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम को लेकर देहरादून शहर में रूट डायवर्जन किया गया है, ताकि इस दौरान यातायात व्यवस्था बाधित न हो और लोगों को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। रूट डायवर्जन प्लान कल दोपहर 12 बजे से शुरू होगा, जो कार्यक्रम समाप्ति तक रहेगा। दशहरा शोभायात्रा गंतव्य स्थान से दोपहर दो बजे प्रस्थान कर शाम चार बजे परेड ग्राउंड पहुंचेगी। शोभायात्रा श्रीकालिका मंदिर, मोती बाजार, पलटन बाजार, राजपुर रोड एस्लेहॉल होते हुए कनक चौक से परेड ग्राउंड पहुंचेगी। परेड ग्राउंड के चारों ओर सभी प्रकार के वाहनों के लिए जीरो जोन रहेगा।
रुट नंबर तीन पर चलने वाले सवारी वाहन विक्रम आदि 12 अक्टूबर को परेड ग्राउंड पर चलने वाले दशहरा कार्यक्रम की समाप्ति तक केवल तहसील चौक तक ही आ सकेंगे। जहां से ये दून चौक से एमकेपी चौक होते हुए सीएमआई, धर्मपुर की तरफ जा सकेंगे। इनके तहसील चौक तक आने का रुट पहले जैसा ही रहेगा। रुट नंबर पांच और आठ पर चलने वाले विक्रम परेड ग्राउंड में दशहरा कार्यक्रम समाप्ति तक रेलवे गेट से वापस घुमा दिए जाएंगे। रुट नंबर दो पर चलने वाले विक्रम पंत रोड स्थित विक्रम स्टैंड से संचालित नहीं होंगे। इस मार्ग पर संचालित सभी विक्रम 12 अक्टूबर को परेड ग्राउंड में दशहरा कार्यक्रम की समाप्ति तक सहस्त्रधारा क्रॉसिंग से वापस घुमा दिए जाएंगे।

पार्किंग व्यवस्था

दशहरा कार्यक्रम में आने वाले लोगों के वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था की गई है। ऐसे वाहन रेंजर्स ग्राउंड और मंगला देवी इंटर कॉलेज में पार्क किए जाएंगे। वहीं वीआईपी और अधिकारियों के वाहन परेड ग्राउंड मंच के पीछे और दून क्लब में पार्क किए जा सकेंगे। इसके अलावा वैकल्पिक पार्किंग व्यवस्था भी की गई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने अपील की है कि परेड ग्राउंड में दशहरा मेले के दौरान आने वाले वाहन चालक–स्वामी अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों में ही पार्क करें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान अतिआवश्यक सेवा वाले वाहनों की आवाजाही पर कोई रोक नही रहेगी।

सेब महोत्सव

देहरादून के सहस्त्रधारा रोड स्थित आईटी पार्क में सेब महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में सेब से लेकर कीवी, पहाड़ी खाद्य पदार्थों सहित कई उत्पादों के स्टॉल लगाए गए थे। इन इंस्टॉलों पर पहाड़ी ऑर्गेनिक उत्पादों को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखा गया। नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक पंकज यादव ने कहा कि उत्तराखंड में सेब का बहुत उत्पादन होता है और यहां के सेब की गुणवत्ता भी अच्छी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के सेब को एक बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए नाबार्ड प्रयास कर रहा है।

जनता मिलन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जनता की समस्याओं का निस्तारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आज देहरादून स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने ये बात कही। इस दौरान प्रदेश भर से आए हर वर्ग के लोगों, महिलाओं, पूर्व सैनिकों, किसानों ने मुख्यमंत्री को अपनी समस्याएंओं के बारे में बताया। इस मौके पर श्री धामी अधिकारियों को लोगों की शिकायतों को शीर्ष प्राथमिकता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए।